## खबर संक्षेप

### मंडला में पेट्रोल पंप के पास खेत में लगी आग:

मंडला- जिले के बम्हनी बंजर थाना क्षेत्र में सिलगी नाका के पास मंगलवार को एक खेत में भीषण आग लग गई। खेत में नरवाई शेष थी, जिसमें यह आग लगी। आशंका जताई जा रही है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। तेज हवा के चलते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और खेत से सड़क किनारे तक फैल गई, जिससे पास के पेट्रोल पंप को भी खतरा पैदा हो गया था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, स्थानीय लोग और पेट्रोल पंप के कर्मचारी तुरंत आग बुझाने में जुट गए। दमकल विभाग को भी सूचना दी गई, जिसके बाद दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे और आग बुझाने के प्रयासों में शामिल हो गए। एहतियात के तौर पर, पेट्रोल पंप पर खड़े वाहनों को तत्काल सुरक्षित स्थान पर हटाया गया। दमकल विभाग और स्थानीय लोगों की त्वरित कार्रवाई और मुस्तैदी के कारण आग पर समय रहते पूरी तरह काबू पा लिया गया। फिलहाल, आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है।

### मंडला में सेंट्रो कार से 87 लीटर अवैध शराब जब्त:

मंडला- मंडला जिले की कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। पुलिस ने एक सेंट्रो कार से लगभग 87 लीटर अवैध शराब जब्त की है। इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनकी पहचान राजा उर्फ राजेश कुमार और सुकरात मार्को के रूप में हुई है। कोतवाली थाना प्रभारी शफीक खान ने बताया कि यह कार्रवाई मुखबिर की सूचना पर की गई। पुलिस ने जेल घाट के नजदीक घेराबंदी कर सेंट्रो कार को रोका। तलाशी के दौरान कार से बीयर, रम, गोवा और प्लेन सहित विभिन्न प्रकार की अवैध शराब बरामद हुई। बरामद की गई अवैध शराब की अनुमानित कीमत करीब 39 हजार रुपए है। वहीं, जब्त की गई सेंट्रो कार की कीमत लगभग 2 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### जीवन में आने वाली चुनौतियों को स्वीकार कर आगे बढ़ें

# संविधान का शब्दशः पालन ही बाबा साहब अंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलिः कलेक्टर





**मंडला**-रानी दुर्गावती शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए बाबा साहब के जीवन, विचारों और उनके योगदान पर प्रेरक उद्बोधन दिया।

कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि संविधान का शब्दशः पालन ही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि है। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बाबा साहब के प्रसिद्ध कथन "शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पियेगा वह दहाड़ेगा" को दोहराया और कहा कि आज आवश्यकता है कि हम इन विचारों को केवल पढ़ें ही नहीं, बल्कि अपने जीवन में आत्मसात करें।



### संघर्ष और संकल्प से मिलती है सफलता

कलेक्टर ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के मार्ग में आने वाली कठिनाइयों से घबराने के बजाय उन्हें स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने बताया कि बाबा साहब ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद कभी हार नहीं मानी और अपने संकल्प के बल पर इतिहास रचा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि विदेश में बेहतर अवसर होने के बावजूद उन्होंने राष्ट्रसेवा को सर्वोपरि रखा।

लोकतंत्र और महिलाओं के सम्मान पर जोर

अपने संबोधन में कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि बाबा साहब द्वारा प्रदत्त संविधान हमारे लोकतंत्र की आधारशिला है। उन्होंने उनके विचार को उद्धृत करते हुए कहा कि "किसी भी समाज की प्रगति का आकलन उसकी महिलाओं की स्थिति से किया जा सकता है।" उन्होंने समाज में समानता और अधिकारों के संरक्षण पर बल दिया।

### अधिकारियों को दिया संदेश

कलेक्टर श्री धोटे ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे संविधान की मूल भावना के अनुरूप कार्य करें, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और अधिकार पहुंच सके।स्थानीय रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय परिसर में आयोजित इस समारोह में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, प्रबुद्धजन एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ कलेक्टर द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा ने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक के अधिकारों और कर्तव्यों का जीवंत आधार है, जो राष्ट्र की एकता और मजबूती को सुनिश्चित करता है।इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री सोनू भलावी ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### संविधान की प्रस्तावना की शपथ

कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत सिंह मीना ने स्वागत उद्बोधन दिया और उपस्थित सभी लोगों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई। इस दौरान पूरे परिसर में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का भाव स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समां

समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने विशेष आकर्षण जोड़ा। मोहगांव के प्रसिद्ध लोक नृतक दल द्वारा प्रस्तुत सैला नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पारंपरिक वेशभूषा और सजीव प्रस्तुति ने जनजातीय संस्कृति की सुंदर झलक प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का समापन उत्साह और प्रेरणा के वातावरण में हुआ, जिसमें सभी ने बाबा साहब के आदर्शों को अपनाने और संविधान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया। एसडीएम श्रीमती सोनल सिडाम ने भी संविधान की प्रस्तावना के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में मंच से विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री अखिलेश कछवाहा, श्री जयदत्त झा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अपर कलेक्टर श्री राजेंद्र कुमार सिंह सहित अन्य जिला अधिकारी कर्मचारी, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम के पहले कलेक्टर श्री धोटे ने रानी दुर्गावती की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

# कलेक्टर ने किया गेंहू उपार्जन केंद्रों का औचक निरीक्षण





### किसानों की सहूलियत में न हो कोई कमी, मलारा नंदिया केंद्र में व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**मंडला- जिले में गेंहू उपार्जन की प्रक्रिया को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इसी तारतम्य में मंगलवार को कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे एवं जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत सिंह मीना ने विकासखंड के मलारा नंदिया में बनाए गए गेंहू उपार्जन केंद्र का सघन निरीक्षण किया।**

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री धोटे ने स्पष्ट निर्देश दिए कि केंद्रों पर आने वाले किसानों को किसी भी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि गर्मी को देखते हुए केंद्रों पर शुद्ध पेयजल (ठंडा पानी), छाया के लिए पर्याप्त टेंट बैठक व्यवस्था और राहत के लिए छाछ, पना की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री धोटे ने रिकॉर्ड को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि 'रजिस्टर अनिवार्य संधारित' किए जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी स्थिति में अनवेरिफाइड किसान से खरीदी न की जाए। केवल 'रजिस्टर्ड किसानों' के माध्यम से ही नियमानुसार गेंहू का उपार्जन सुनिश्चित किया जाए। कार्य में गति लाने के लिए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रतिदिन की तुलाई की सटीक जानकारी अपडेट की जाए। विभागीय समन्वय जिला प्रबंधक नान और जिला खाद्य अधिकारी आपस में बेहतर समन्वय कर परिवहन और भंडारण की व्यवस्था को सुचारू बनाए रखें। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत सिंह मीना ने भी केंद्र की व्यवस्थाओं को देखा और उपार्जन कार्य में लगे कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।इसके उपरांत पीपरदोन उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। यहां समिति प्रबंधक द्वारा बताया गया कि कुल 550 किसानों का पंजीयन हुआ है। खरीदी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित रखने के लिए स्लॉट सिस्टम लागू किया गया है, जिसके तहत कल के लिए 12 किसानों का स्लॉट बुक हुआ है। कलेक्टर श्री धोटे ने निर्देश दिए कि स्लॉट के अनुसार ही तुलाई सुनिश्चित की जाए ताकि केंद्र पर अनावश्यक भीड़ न हो। उपार्जन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर श्री धोटे ने निर्देशित किया कि यदि किसी पंजीकृत किसान के स्थान पर कोई अन्य व्यक्ति (प्रतिनिधि) गेंहू विक्रय के लिए आता है, तो रजिस्टर में उस व्यक्ति की पूरी जानकारी (पहचान पत्र, मोबाइल नंबर और किसान से संबंध) अनिवार्य रूप से दर्ज की जाए। इस प्रकार की खरीदी की विस्तृत जानकारी प्रतिदिन जिला मुख्यालय को उपलब्ध कराई जाए, ताकि किसी भी संदिग्ध लेनदेन की जांच की जा सके। केंद्र पर वाहनों के दबाव और किसानों की सुरक्षा को देखते हुए कलेक्टर ने 'ट्रैफिक मैनेजमेंट' पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि केंद्रों पर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के आने और जाने के लिए पृथक (अलग-अलग) मार्ग निर्धारित किए जाएं। इससे केंद्र परिसर में जाम की स्थिति नहीं बनेगी और तुलाई के बाद किसान सुगमता से बाहर निकल सकेंगे। कलेक्टर श्री धोटे ने मौके पर मौजूद अधिकारियों से कहा कि उपार्जन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रजिस्टर संधारण से लेकर किसानों की बैठक व्यवस्था तक, हर मानक का पालन अनिवार्य है।

# चुटका परमाणु परियोजना क्रियान्वयन के लिए निर्धारित टाइम लाइन का पालन करें- कलेक्टर



**मंडला**-कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने चुटका परमाणु परियोजना क्रियान्वयन के लिए की जा रही कार्यवाही की समीक्षा की। गोलमेज कक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि चुटका परमाणु परियोजना का क्रियांवयन पहले ही विलंबित है, इसलिए आवश्यक है कि हम इसके लिए निर्धारित टाइमलाइन का पालन करें। बैठक में उन्होंने भू-अर्जन, अवार्ड, दोहरे विस्थापन, आर एण्ड आर कालोनी गौंझीमाल की स्थिति, पुनर्वास, टिकरिया- मानेगांव-चुटका सड़क निर्माण सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि एसडीएम, तहसीलदार और आरआई विस्थापित होने वाले सभी 330 परिवारों से मिलें, उन्हें अवार्ड, दोहरे विस्थापन पर अतिरिक्त राशि सहित सभी आवश्यक जानकारी विस्तार से समझाएँ। उन्होंने आर एण्ड आर कालोनी में मकानों के साथ अतिरिक्त कक्ष बनाने के लिए भी पुनर्वासित कराए जाने वाले परिवारजनों से चर्चा करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, एसडीएम निवास श्री सीएल वर्मा, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ के साथ चुटका परमाणु परियोजना के अधिकारी, सहित विभागीय अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### डॉ आंबेडकर जयंती साप्ताहिक समारोह का आयोजन संपन्न



**मंडला**-पी एम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाराजपुर, मंडला में भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. भीमरावजी आंबेडकर जयंती साप्ताहिक समारोह दिनांक 8 अप्रैल से 14 अप्रैल तक मनाया गया।शासन के निर्देशानुसार हर दिन विभिन्न आयोजन किए गए जिसमें खेल प्रतियोगिताएं, निबंध प्रतियोगिता,सांस्कृतिक कार्यक्रम,विशेष भोज आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए साथ ही शिक्षकों ने बाबा आंबेडकरजी के जीवन पर बच्चों के समक्ष अपनी बात रखी। प्रभारी शिक्षक ऊषा ठाकुर एवं सतीश मिश्रा के द्वारा कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया, कार्यक्रम में समस्त स्टाफ का सहयोग रहा। प्राचार्य विभा मिश्रा एवं समस्त स्टाफ के द्वारा बाबा आंबेडकरजी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में समानता,न्याय और मानवाधिकारों के प्रति जागरूकता लाना है।

# किरायेदार का सत्यापन नहीं कराने पर मकान मालिक पर FIR





### मंडला में IPL सट्टा संचालन के लिए किराए पर दिया था मकान

**मंडला**। मंडला के कटरा क्षेत्र में संचालित आईपीएल सट्टा गिरोह के मामले में कोतवाली पुलिस ने मकान मालिक पर कार्रवाई की है। किरायेदार का पुलिस सत्यापन न कराने के आरोप में मकान मालिक अजय चौरसिया (73) पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने यह कार्रवाई कलेक्टर द्वारा जारी अनिवार्य चरित्र सत्यापन के आदेशों के उल्लंघन पर की है।

### सट्टा संचालन के लिए किराए पर दिया मकान

पुलिस जांच में सामने आया कि तिलक वार्ड निवासी अजय चौरसिया ने 11 मार्च 2026 से अपना मकान किराए पर दिया था। इसी मकान का उपयोग आईपीएल सट्टे की अवैध गतिविधियों के लिए किया जा रहा था। मकान मालिक ने किरायेदारों की पहचान और उनका विवरण स्थानीय थाने में जमा नहीं कराया था। भारतीय न्याय संहिता के तहत केस पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के निर्देश पर की गई जांच के बाद कोतवाली पुलिस ने आरोपी मकान मालिक के खिलाफ कार्रवाई की है। अजय चौरसिया के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 223 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इस कार्रवाई के बाद पुलिस ने जिले के मकान मालिकों के लिए परामर्श जारी किया है। पुलिस ने बताया कि किरायेदार की जानकारी छिपाना या सत्यापन न कराना कानूनन अपराध है। पुलिस के अनुसार, ऐसे नियमों का पालन करने से जिले में अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकेगा।

# घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति का बेहतर प्रबंधन जरुरी- कलेक्टर

### गैस एजेंसी संचालकों की बैठक आयोजित




**मंडला**-कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में जिले की गैस वितरक एजेंसियों के संचालकों की बैठक आयोजित की गयी। कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने सभी गैस वितरकों से परिचय लेते हुए वर्तमान गैस सिलेंडर सप्लाई की जानकारी ली। बैठक में एचपी गैस के 12, इण्डैन के 05 तथा भारत गैस के 01 वितरक शामिल हुए। मण्डला गैस कंपनी के संचालक श्री मधुर अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि कंपनी से ही सामान्य दैनिक मांग को आधार मानकर लगभग 80 प्रतिशत सिलेंडर प्रदाय किये जा रहे हैं, जबकि वर्तमान समय में डिमांड में बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में बुकिंग के तीन से 10 दिनों के भीतर उपभोक्ताओं को सिलेंडर सप्लाई किये जा रहे हैं। एक अन्य वितरक श्री कन्हैया मूलचंदानी ने बताया कि आपात स्थिति में यदि एकल टंकी कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को अधिक आवश्यकता होती है तो तात्कालिक तौर पर लोगों को 5 किलोग्राम के एफटीएल सिलेंडर उपलब्ध कराकर समस्या का समाधान किया जा रहा है। कलेक्टर श्री धोटे ने बैठक में गैस वितरकों के द्वारा बरती जा रही सावधानी पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि खाड़ी क्षेत्र में उत्पन्न युद्ध के हालात के कारण यह स्थिति है। ऐसे में घरेलू गैस सिलेंडर की आपूर्ति का बेहतर प्रबंधन जरुरी है। हमारे गैस वितरकों ने अभी तक स्थिति को संभालकर रखा है। उन्होंने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि आपदा के समय में गैस का अवैध भण्डारण और कालाबाजारी पर कड़ी कार्रवाई करें। उन्होंने वितरकों से कहा कि अपने-अपने सप्लाई सिस्टम की मानीटरिंग करें। बैठक में अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह तथा जिला आपूर्ति अधिकारी श्री संत भलावी सहित गैस वितरक मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### पुरानी बुराई को लेकर की मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस पटैल वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब प्रार्थी अपने किसी काम से कही जा रहा था उसी दौरान मुहल्ले का राजीव कहार मिला और पुरानी बुराई को लेकर गंदी गंदी गालिया देते हुये मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### खेत की बटियारी की बात पर हुआ विवाद

**गाडरवारा।** पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस सालीचौका निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मैने विकास कौरव निवासी कौडियां के यहां बटियारी करना चालू किया है। बीते हुये दिवस जब मैं खेत मे बने घर मे आराम कर रहा था उसी समय ग्राम कौड़िया निवासी अशोक धानक और फूलचंद धानक आये और जहां पर प्रार्थी सो रहा था उसी घर के बाहर आकर गंदी गंदी गालियां देने लगे गालियां जब प्रार्थी द्वारा गाली देने से मना किया तो दोनो एक राय होकर लाठी से मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### जान से मारने की धमकी देते ही की मारपीट

**गाडरवारा।** नगर के पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस समीपस्थ ग्राम पतलोन टोला निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि ग्राम रातीकरार निवासी सौरभ कहार मोहल्ले मे अपने रिस्तेदार के घर शराब के नशे मे जा रहा था जो प्रार्थी के घर के यहां पहुंचकर ईंटे गिरा दिया और नशे मे दरवाजे के पास रखी बाल्टी फेक जाने की बात को लेकर प्रार्थी द्वारा कहा कि संभल कर निकल जावे। इसी बात को लेकर आरोपी द्वारा गंदी गंदी गालिया देते हुये प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई जिसके चलते पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### धारदार वस्तु से बार करते हुये चोट पहुंचाई

**गाडरवारा।** नगर के हनुमान वार्ड निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरा बडा भाई पवन यादव जिससे दुर्गेश उर्फ डुग्गू नौरिया से पुरानी बुराई चल रही है। इसी बात को लेकर बीते हुये दिवस नगर के पी.जी.कालेज के पास दुर्गेश उर्फ डुग्गू नौरिया मिला जो पवन को गंदी गंदी गालिया देते हुये हाथ में रखे चाकू जेसी चीज से मेरे भाई पवन यादव के मारपीट करते हुये चोट पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### युवक की मौत पर बाइक चालक पर मामला दर्ज

**गाडरवारा।** सिहोरा पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बुधवारा निवासी कन्छेदी लाल पिता हल्के कुशवाहा उम्र 48 साल अपने परिवार के साथ मोटर साईकिल से कही जा रहा था उसी दौरान मोटर साईकिल क्र. MP-49-MT-8721 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक अपनी बाइक को चलाते हुये टक्कर मार दी गई जिसके चलते कन्छेदी लाल व उसके साथ जा रही एक महिला को चोटे आने के चलते उपचार हेतु ले जाया गया। कन्छेदी लाल की स्थिति गंभीर होने के चलते जबलपुर रेफर किया गया था। वही कन्छेदी की मौत हो जाने के कारण पुलिस द्वारा आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

**आसान किस्तों पर फाईनेस के नाम पर भोले भाले नागरिकों से करा लिये जाते है दस्तावेजों पर हस्ताक्षर, दुकानदारों की मिली भगत के मिल रहे संकेत...?**

# शहर से लेकर गांव गांव तक फैली हुई फाईनेस कंपनियों द्वारा धडल्ले से आमजन की जेबों पर डाला जा रहा डाका






**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** क्षेत्र के नेताओं द्वारा लगातार किये जा रहे प्रयासों का परिणाम है कि गाडरवारा क्षेत्र लगातार प्रगति पर तो दिखाई दे रहा है और इसी प्रगति के चलते आज नगर सहित क्षेत्र में व्यापार व अन्य व्यवस्थाओं में भी इजाफा होने लगा है। आये दिन नगर में अनेक प्रकार की बड़ी बड़ी दुकानों के साथ साथ अन्य प्रतिष्ठान भी खुलते चले जा रहे है तो दूसरी ओर देखा जा रहा है कि आमजन की सुविधाएं प्रदान करने के नाम पर नगर में अनेक छोटी बड़ी बैकों द्वारा अपनी ब्रांच खोली जा रही है। वही दूसरी ओर अनेक प्रकार की फाईनेंस कंपनियों ने भी अपने पैर जमा लिये गये है। इस प्रकार से दिनों दिन अपने पैर जमा रही इन फाईनेंस कंपरियों की सच्चाई को लेकर जहां अनेक प्रकार के संदेह पैदा होते हुये जान पड़ रहे है। क्योंकि नगर में जहां तहां स्थापित होने जा रही इन निजी फाईनेस कंपनियों के संबंध में शायद ही कभी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उनकी सच्चाई जानने का प्रयास किया गया हो और इसी का परिणाम है कि यह फाईनेस कंपनियों द्वारा क्षेत्र के भोले भाले लोगों को गुमराह करते हुए उनकी जेबों पर डाका डालने से भी नही चूक रही है? यह अलग बात है कि पूर्व में हमारे जिले के नेताओं से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा वाही वाही लूटने के उद्वेश्य से जिलो को पूर्ण साक्षर होने का खिताब जरूर दिला दिया गया है। मगर आज भी शहर से लेकर गांवों में निवास करने वाले अनेक लोग इस प्रकार से है जिन्हें अंगूठा लगाते हुये देखा जाता है और इस समय जहां तहां चल रहे अंग्रेजी के बोल बाला ने तो स्थानीय स्तर पर पढ़ाई करने वाले युवाओं को भी गुमराह होने के लिये मजबूर कर दिया गया है। इस सच्चाई का लाभ बाहर से आने वाली अनेक निजी फाईनेस कंपनियों द्वारा धडल्ले से उठाया जा रहा है? बताया जाता है कि नगर में संचालित होने वाले अनेक बड़े बड़े प्रष्ठिानों द्वारा अपने सामग्री बेचने के लिये इन निजी फाईनेस कंपनियों से जुगल बंदी जमाते हुये जहां दुकानदारों द्वारा अपनी सामग्री का विक्रय करते हुये आमजन को फाईनेस तो करा दिया जाता है और बाद में इन कंपनियों द्वारा जिस प्रकार से आम लोगों की जेबों पर डांका डाला जाता है? इस बात की सच्चाई इस समय नगर में उन लोगों से चर्चा करने के दौरान मिल रही है जिन्होंने नगर की दुकानों से खरीदी गई सामग्री को फाईनेस कराया गया है? इस संबंध में मिल रही जानकारी के अनुसार नगर में जहां तहां स्थापित हुई बाहरी फाईनेस कंपनियों द्वारा नगर के बडे बड़े शोरूमों की शह पर धडल्ले से आम लोगों को लूटने में कोई कसर नही छोड़ रही है। जबकि देखा जावे तो कुछ साल पहले प्रदेश के मुखिया द्वारा भी इस प्रकार से भोले भाले लोगों को गुमराह करते हुये पैसा ऐठने वाली कंपनी माफियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के आदेश दिये गये थें..? तो दूसरी ओर इन निजी फाईनेंस कंपनी की कारगुजारियों को मीडिया द्वारा लगातार उजागर किया जा रहा है। मगर इस ओर न तो प्रशासन द्वारा कोई ध्यान दिया जा रहा है और और नही पुलिस द्वारा जिसका परिणाम है कि नगर सहित क्षेत्र के गांवों में अनेक लोग इन फाईनेस कंपनियों के शिकार होते हुये आर्थिक क्षति का सामना करने के लिए मजबूर हो रहे है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो जब कोई व्यक्ति किसी बड़े शोरूम या दुकान पर कोई सामग्री खरीदने के लिए पहुंचता है तो दुकान की संचालक या उसके कर्ताधर्ताओं द्वारा अपने ग्राहक से खुले शब्दों में कहा जाता है कि यह सामग्री उन्हें फाईनेस करा दी जावेगी और उसमें कोई परेशानी नही होगी। इस प्रकार से बडे बड़े शोरूमों का संचालन करने वाले कर्ताधर्ताओं के बातों में जब फंस जाते है तो वह खुद की फाईनेस कंपनियों के लोगों बुलाते हुये अपनी सामग्री विक्रय करते हुये ग्राहक को आसान किस्तों पर भुगतान करने की सुविधा दिला दी जाती है और इसके बदले में भोले भाले ग्राहकों से से चेंक बुक सहित अन्य जरूरी दस्तावेजों में हस्ताक्षर ले लिये जाते है। मगर




इसके बाद शुरू हो जाता है इन फाईनेस कंपनियों द्वारा लूटने का कार्य जिसके चलते आम उपभोक्ता को सामग्री खरीदते समय फाईनेस के नाम पर बताई गई सच्चाई से संपूर्ण विपरित कार्य शुरू हो जाता है। जब कोई उपभोक्ता अपनी किस्त रूपी राशि जमा करता है तो इन फाईनेस कंपनी द्वारा न तो उस जमा राशि के बदले कोई रसीद प्रदान की जाती है और न ही ऐसा कोई पुरूप दिया जाता है जिससे उपभोक्ता यह बात साबित कर सके कि उसके द्वारा इतना भुगतान किया जा चुका है? जब उपभोक्ता द्वारा फाईनेस के रूप में राशि बसूलने व बाकी के संबंध में फाईनेस कंपनी के संचालकों से चर्चा करता है तो उनके द्वारा जमा किये जाने वाली राशि के बाद भी जो बाकी निकलता है उसे सुनकर उसके पैरो तले से जमीन गायब होते हुई इसलिये दिखाई देने लगती है कि जो सामग्री उसके द्वारा खरीदी गई थी और दुकानदार द्वारा जो रेट बताया गया था उससे काफी अधिक हो जाती है और इस संबंध में जब वह सामग्री विक्रय करने वाले शोरूमों या फिर दुकानदार से चर्चा करता है तो वहां से उसे एक ही जबाव मिलता है कि भाई अब इसमें हम कुछ नही कर सकते है इस संबंध में तो फाईनेस कंपनी वाले ही जाने? इस प्रकार से फाईनेस के नाम पर लोगों की जेबो पर धडल्ले से डाका डालने की लीला नगर में आम बात होती चली जा रही है। यदि कोई व्यक्ति किसी फाईनेस कंपनी की शिकायत करने की हिम्मत जुटाने का प्रयास करता है तो फाईनेस कंपनियों द्वारा उसके सामने वह चेक बुक पेस कर दी जाती है जिसके चेकों पर बगैर तारीख व बगैर राशि के हस्ताक्षर कराने के साथ साथ वही अंग्रेजी वाले दस्तावेज पेश कर दिया जाते है जिन्हें कम पढ़े लिखे हुये नगर के व्यक्ति द्वारा दुकानदानों की लच्छेदार बातों में आकर फाईनेस कपंनी को सौप दिये गये होते है? इस प्रकार से नगर में धडल्ले से अनेक निजी कंपनियों द्वारा आम लोगों की जेबों पर डाका डालते हुये देखा जा रहा है, जिसके चलते आम लोग शोरूम संचालको व फाईनेस कंपनियों की मिली भगत के चलते अपने आपको लुटा हुआ महसूस करने से नही चूक रहे है।

## ऑल इंडिया लायर्स यूनियन ने मनाई अम्बेडकर जयंती, बाबा साहेब के सिंद्वातों से कराया अवगत

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** संविधान के निर्माता भारत रत्न डा. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर नगर सहित क्षेत्र में अनेक जगहों पर अलग अलग कार्यक्रम आयोजित होते हुये देखे गये। इस मौके पर नगर के जाने माने एडवोकेट एन एस पटेल के निवास स्थान पर ऑल इंडिया लायर्स यूनियन जिला समिति के द्वारा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान वक्ताओं ने संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुये उनकी शिक्षा तथा उनके द्वारा दलित, पिछड़े वर्ग, महिलाओं का शोषित ,पीड़ित वर्ग के उत्थान ,शिक्षा तथा विकास के लिए संविधान में रखे गए प्रावधानों पर चर्चा करते हुये उनके समानता ,स्वतंत्रता ,भाईचारा ,न्याय एवं लोकतंत्र को बनाए रखने के संबंध में संविधान की प्रस्तावना पर अपने विचार रखें। वही इस दौरान बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रमुख सिद्धांत शिक्षित बनो ,संगठित रहो और संघर्ष करो के मूल मंत्रों पर भी प्रकाश डाला तथा अंबेडकर द्वारा लोगों की शिक्षा ,धर्म और समाज के आत्म सम्मान पर ,महिला सशक्तिकरण पर, इतिहास पर ,लोकतंत्र पर ,लोगों की गुलामी पर तथा जीवन के उद्देश्यों पर उनके विचारों का विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया। भीमराव अंबेडकर ने लोगों को संदेश दिया है कि आत्म सम्मान के बिना इस दुनिया में जीना गर्व की बात नहीं है। आत्म सम्मान के साथ जीने के लिए व्यक्ति को कठिनाइयों पर विजय प्राप्त करनी होती है। इस दौरान उन्होंने आगे यह भी कहा है की किसी समुदाय की प्रगति को उसे समुदाय की महिलाओं द्वारा दी गई आजादी से मापन चाहिए। जो लोग इतिहास भूल जाते हैं वे कभी



इतिहास नहीं बना सकते। वही बताया कि धर्म के बारे में स्पष्ट किया था कि मैं उस धर्म को मानता हूं जो स्वतंत्रता समानता और भाईचारा सिखाता है, बाबा साहेग का मानना था कि जीवन लंबा होने के बजाय महान होना चाहिए ,बाबा साहब लोकतंत्र को बहुत महत्व देते थे। उन्होंने इस संबंध में कहा था कि संविधान केवल वकीलों का दस्तावेज नहीं है। बल्कि यह जीने का एक माध्यम है। पूंजीवादी शोषण के खिलाफ अपने विचार रखते हुए कहा था कि यदि किसी को गुलाम की तरह रखा जाता है तो उसे उसकी गुलामी का एहसास कर दो फिर वह खुद विद्रोह कर देगा। इतना ही नहीं उन्होंने शिक्षा पर भी जोर देते हुए कहा था की शिक्षा वह शेरनी का दूध है जिसे पिलाओगे वह दहाड़ने लगेगा। इस प्रकार से अम्बेडकर जयंती का यह कार्यक्रम अधिवक्ता एन एस पटेल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उक्त कार्यक्रम के प्रमुख वक्ताओं में अधिवक्ता एन एस पटेल के अलावा, एजाजुद्दीन, राजेश चौधरी, नरेश चौधरी, भुवन जाटव, भागवेंद्र कुमार तथा किसान नेता राजेंद्र सिंह राजपूत ने संबोधित किया।

## क्षेत्र की धरोहर रानी दहार के जंगलों में स्वच्छता अभियान चलाते हुये दिया जल संरक्षण का संदेश ..

**हरिभूमि न्यूज/बारहाबड़ा।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता हे कि जहां स्वच्छता रहती है वहां पर स्वस्थ्य स्थिति अपने आप ही निर्मित होने से नही चूकती है। इसी बात को ध्यान में रखते हुये जहां लगातार स्वच्छता अभियान चलाते हुये लोगों को जागरूक किया जाता है। इसी क्रम में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड चीचली के अंतर्गत व क्षेत्र के प्रसिद्ध दर्शनीय स्थल रानी दहार उमर नदी तट पर बीते हुये दिवस जल गंगा संवर्धन अभियान के द्वितीय चरण "जल स्रोत सेवा समागम" के तहत घाट स्वच्छता एवं साफ-सफाई का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विकासखंड समन्वयक स्मिता के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था द्वारा संपन्न किया गया है। बताया जाता है कि इस कार्यक्रम के दौरान नदी तट पर व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाते हुये उपस्थित जनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। वही दूसरी ओर आमजन व आम लोगों से अपील की गई कि वे नदी तट पर कचरा न फैलाएं और इस पावन स्थल की स्वच्छता बनाए रखने में अपनी सक्रिय



भागीदारी सुनिश्चित करें। ताकि पर्यटन स्थल का वातावरण स्वच्छ एवं आकर्षक बना रहे।इस अवसर पर उपस्थित लोगों को जल के महत्व, उसके संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक करते हुए जल के सदुपयोग का संदेश दिया गया। प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं जल संरक्षण के प्रति सजग रहेंगे, बल्कि अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने जल संरक्षण की शपथ ली गई। कार्यक्रम में रानी दहार मंदिर के महाराज भवानी प्रसाद चौबे, सुरेश प्रसाद शर्मा, रमाकांत बुधोलिया, डालचंद चौरसिया,



मनोहर यादव, भाईजी गेगला एवं जमना प्रसाद कौरव सहित अन्य लोग मौजूद थें। वही आयोजित स्वच्छता गतिविधि में नवांकुर संस्था हरदौल जन सेवा समिति बसुरिया से रामकृष्ण राजपूत एवं कार्यक्रम समन्वयक रामेश्वर वर्मा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति ढाना से कृष्ण कुमार कुशवाहा, परामर्शदाता अभिषेक कौरव, राकेश पाली, कु. राधा कीर तथा छात्र-छात्राओं में रामचंद्र कीर, शशिकांत कीर, जोगेश, रश्मि कीर, पार्वती गौंड, सरस्वती कहार, शिवानी गौंड सहित अन्य स्थानीय जनों ने श्रमदान कर सक्रिय सहभागिता निभाई गई।

## अवैध रूप से हथियार लेकर घूमते हुये गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर में शांति बनाने के लिये पुलिस द्वारा लगातार गस्त की जा रही है। इसी के चलते बीते हुये जब पुलिस द्वारा गस्त की जा रही थी। इसी दौश्रान नगर के पतलौन तरहा के पास एक युवक अपने हाथ में तेज धारदार बकानुमा हथियार लेकर घूमते हुये पाये जाने पर जब पुलिस द्वारा युवक से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम उमेश उर्फ करिया पिता डालचंद कहार उम्र 45 साल निवासी चुंगीनाका बताया गया। इसी प्रकार से नगर के मवेशी बाजार में रोहित उर्फ शिवम पिता रामजी कुशवाहा उम्र 22 साल निवासी मरघटा मुहल्ला के पास तेज धारदार हथियार जप्त किया गया। इस तरह पुलिस ने युवकों के पास धारदार हथियार जप्त करते हुये धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार किया।

## अनेक पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम आने का इंतजार करते करते गिरने लगे गरीबों के कच्चे मकान



**हरिभूमि न्यूज/ कल्याणपुर।** इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जिस सोच के साथ देश के प्रधानमंत्री द्वारा गरीबों को पक्के मकान देने के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना की शुरूआत की गई है उसके चलते उन गरीबों को पक्के आवास मिलते हुये देखे जा रहे है जो कभी पक्के मकानों में रहने का सपना भी नही देख सकते थें? मगर इस योजना का जनपद पंचायत चीचली क्षेत्र के अनेक गांवों में सही रूप से क्रियान्वयन नही होने की स्थिति में प्रधानमंत्री आवास योजना अपने लक्ष्य से भटकते हुये दिखाई देने लगी है? इस कारण से जहां साधन संपन्न लोगों के आवास तो बनते हुये देखे जा रहे है। मगर इस योजना के जो वास्तविक गरीब हितग्राही है वह आज भी इस योजना में शामिल होने के लिये इंतजार करते हुये अपने कच्चे आवासों में मौत और जिन्दगी के बीच जीवन काटने के लिये मजबूर होते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहे है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत चीचली के अंतर्गत आने वाले अनेक ग्राम पंचायतों में देखने मिल रही है जहां पर इस प्रकार के दर्जनों गरीब है जिनके कच्चे मकान होने के बाद भी अभी तक उनका प्रधान मंत्री आवास योजना की सूची में नाम नही आने की स्थिति में उनके कच्चे मकान गिरने की हालत में पहुंच जाने कारण मासूम बच्चों की जिन्दगी खतरे में दिखाई देने से नही चूक रही है। इस संबंध में खस्ता हाल कच्चे मकानों में जीवन यापन करने वाले गरीबों द्वारा जानकारी देते हुये बताया है कि वह पूर्णरूप से गरीब होने के साथ साथ उसकी स्थिति इस प्रकार से नही है कि वह अपना कच्चा मकान पक्का कर सके, जिसके चलते प्रधानमंत्री की आवास योजना सूची में नाम आने का इंतजार करते हुये लम्बा समय बीत जाने के बाद भी नाम नही आने के कारण कच्चे मकान का हाल इस स्थिति में पहुंच चुका है कि उसकी दीवारे चारों ओर से गिरने की शुरूआत होने के कारण यह डर सताने लगा है कि कही ऐसा न हो कि रात के समय पूरा का पूरा मकान धराशाही होने के कारण उसकी व उसके मासूम बच्चों की जिन्दगी खतरे में पड़ जावे, इस प्रकार से अन्य लोगों के आवासों की स्थिति भी कुछ इसी प्रकार से बनी हुई है जिनके कच्चे मकानों की गिरती हुई दिवारे निश्चित ही इस प्रधान मंत्री आवास योजना को अपने लक्ष्य से भटकने का उदाहरण देने से नही चूक पा रही है।

## गायत्री परिवार द्वारा सीरेगांव स्कूल में प्रमाणपत्र वितरण संपन्न

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में समीपस्थ ग्राम सीरेगांव शासकीय उ मा शाला से शाला स्तर पर आयोजित परीक्षा में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त छात्रों को विद्यालय मे प्रोत्साहन स्वरूप सम्मानित किया गया। बताया जाता है कि इस दौरान सभी प्रतिभागी छात्र छात्राओं को प्रमाण वितरित किए गये। वही प्रथम स्थान प्राप्त कु आकांक्षा कुशवाहा कक्षा 10 वीं तथा द्वितीय स्थान प्राप्त छात्र उदित राजपूत कक्षा 10 वीं के अलावा विशेष सहयोगी शिक्षक श्रीमती हीरामणी शर्मा को गायत्री परिवार के वरिष्ठ परिजन, जिला प्रतिनिधि राजेश कुमार कौरव द्वारा साहित्य किट एवं ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। कौरव ने भारतीय संस्कृति ज्ञान की उपयोगिता के साथ साथ छात्रों को ग्रीष्म अवकाश में गायत्री मंत्र लेखन करते रहने प्रेरित किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि गायत्री मंत्र लेखन के अभ्यास से जहां लेखन सुधरता है। वही मन की एकाग्रता से स्वाध्याय, पढ़ाई में लगन, बुद्धि में तेजस्विता का लाभ भी प्राप्त होता है। बुद्धि बढ़ाने, याददाश्त बढ़ाने, अच्छा परिणाम प्राप्त करने में गायत्री मंत्र लेखन,जप को ऋषि मनीषियों द्वारा महत्वपूर्ण बताया गया है।



### कायस्थ समाज की बैठक में अनेक मुद्दों पर हुई चर्चा



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय कायस्थ महासभा की एक विशेष बैठक नगर के इंदिरा कॉलोनी आज़ादवर्ड मे सम्पन्न हुई। बताया जाता है कि इस बैठक में आगामी 23 अप्रेल को समाज के आराध्य चित्रगुप्त प्रकटोत्सव मनाने की तैयारियों की समीक्षा की गई। वही दूसरी ओर समाज के अधिक से अधिक लोगों के जुड़ने, सामाजिक एकता पर बल देने के साथ साथ आयोजन मे सबके सुझाव लिए गए। इस बैठक में उपस्थितों ने समाज हित में पूर्ण सहयोग का आश्वसन दिया। आयोजन की रूपरेखा कुशलेन्द्र श्रीवास्तव एवं आषीष सक्सेना ने रखी। इस मौक़े पर इंदिरा कॉलोनी से डॉ. आरके खरे, सुनील, राहुल, सतीष, राजेश, मुरारीलाल श्रीवास्तव, अखिलेश कुमार, नरेश कुमार श्रीवास्तव, आलोक सक्सेना, अनीता, बृजमोहन, महेश कुमार श्रीवास्तव अरविंद खरे प्रतिभा कॉलोनी सहित सावित्री श्रीवास्तव, दिनेष, प्रषांत, अरूण, कुलदीप, बसंत, शैलेन्द्र, दुर्गेश, संजीव, दिलीप, लक्ष्मीकांत, विपिन, अजय, ग्राम उड़नी पिपरिया से अरूण श्रीवास्तव के अलावा समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

## बाईकर्स की मनमानी से पिता पुत्र घायल

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शाम होते ही शहर की पानी टंकी क्षेत्र हो या फिर पलोटन गंज सहित नगर के अन्य मार्गो पर जिस तरह से बाइकर्सो का आंतक छाते हुये देखा जाता है उसकी सच्चाई मीडिया द्वारा लगातार उजागर किये जाने के बाद भी किसी तरह की कार्यवाही नही होने का परिणाम है कि बाईकर्स गैंग के हौसल बुलंद होते चले जा रहे है और शाम के समय सभ्य लोगों का अपने घरों से निकलना मुश्किल होने से नही चूक रहा है। इस तरह बाईकर्सो की मनमानी के चलते बीते हुये दिवस पिता पुत्र की जिन्दगी खतरे में पड़ने से नही चूक पाई है। घटना के संबंध में प्रार्थी लाल साहब उर्फ़ लल्लू पिता खेत सिंह लोधी उम्र 42 साल निवासी ग्राम भटेरा द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस की बात है कि मैं और मेरा लडका जीवन सिंह लोधी अपनी मोटर साईकल से रात करीब 11 बजे हम लोग अपनी मोटर साईकिल से पलोटन गंज से पानी टंकी की ओर जा रहे थें उसी दौरान पानी टंकी से पलोटन गंज की ओर आ रही एक तेज रफतार लहराते हुये मोटर साईकिल चालक द्वारा अपनी मोटर साईकिल से प्रार्थी की मोटर साईकिल को टक्कर मार दी गई। घटना में प्रार्थी सहित उसके बेटा जीवन सिंह लोधी को गंभीर रूप से चोटे आने के कारण मौजूद लोगों द्वारा दोनों घायल पिता पुत्र को इलाज हेतु शासकीय चिकित्सालय ले जाया गया। वही घटना को लेकर पुलिस द्वारा अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।



खबर संक्षेप

## नगरीय क्षेत्र में मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण




डिंडोरी।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देश पर जिले में मेडिकल स्टोर्स की जांच के लिए गठित टीम ने मंगलवार को नगर क्षेत्र में संचालित कई दवा दुकानों पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मंगलम मेडिकल स्टोर्स शिवम मेडिकोज सुधीर मेडिकल स्टोर्स भावना मेडिकल स्टोर्स और श्री कृष्णा मेडिकल स्टोर्स की जांच की गई।निरीक्षण के दौरान कई दुकानों में अनियमितताएं सामने आईं। जांच टीम को कुछ मेडिकल स्टोर्स में बिल बुक का सही संधारण नहीं मिला। इसके साथ ही एक्सपायरी दवाएं अन्य दवाओं के साथ स्टॉक में रखी हुई पाई गईं जिसे गंभीर लापरवाही माना गया।जिला प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित दुकानदारों को कड़ी चेतावनी दी है। साथ ही दोषी संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आमजन के स्वास्थ्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

## कृषक को सोलर पंप स्थापना पर 90 प्रतिशत अनुदान मिला



डिंडोरी ।कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत जिले में नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय तथा कृषि विभाग के सहयोग से किसानों को प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत 90 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जा रहा है।इसी योजना के अंतर्गत विकासखंड अमरपुर के ग्राम पंचायत सिधौली के कृषक सखाराम को 3 एचपी का सोलर पंप दिया गया। पंप की कुल लागत 320289 रही जिसमें कृषक द्वारा 32028 रुपये अंश राशि के रूप में जमा की गई।कृषक ने अपने खेत में सिंचाई के लिए सोलर पंप की स्थापना की है जिससे बिना बिजली बिल और बिना बिजली कनेक्शन के खेती करना आसान हो गया है।कृषक ने बताया कि सोलर पंप के माध्यम से अब खेती में सुविधा बढ़ी है और नई फसलें अपनाने के साथ कृषि में नवाचार करने की प्रेरणा मिली है। उन्होंने इस योजना के लिए कृषि विभाग का आभार व्यक्त किया।

## सामाजिक समरसता के साथ मनाई गई डॉण भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती



शहपुरा। झारिया युवा संघ मध्य प्रदेश और झारिया सेवा समिति शहपुरा के तत्वावधान में भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती सामाजिक सद्भावना दिवस के रूप में हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों की सहभागिता रही और पूरे आयोजन में एकता समानता और भाईचारे का संदेश प्रमुख रूप से उभरकर सामने आया।कार्यक्रम की शुरुआत बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद जय भीम जय संविधान के नारों के बीच दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक एवं पूर्व कोषाध्यक्ष फकीरे लाल झारिया ने की। मुख्य वक्ता के रूप में महेंद्र झारिया शिक्षक अनिल झारिया वरुण झारिया सुमित्रा झारिया और झारिया युवा संघ के प्रांतीय अध्यक्ष लाला प्रसाद झारिया ने अपने विचार व्यक्त किए।वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं। उन्होंने केवल संविधान का निर्माण ही नहीं किया बल्कि समाज को आत्मसम्मान और समान अधिकारों के साथ जीवन

# सिंधौली मोहगांव में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई

बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती पर पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिंधौली मोहगांव विकासखंड अमरपुर में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

डिंडोरी ।

कार्यक्रम में विधायक शहपुरा ओमप्रकाश धुर्वे विधायक डिंडोरी ओमकार मरकाम नगरपालिका अध्यक्ष सुनीता सारस जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम प्रदेश अध्यक्ष अजजा पंकज तेकाम पूर्व अध्यक्ष नरेन्द्र राजपूत पूर्व विधायक दुलीचंद उरैती जनपद अध्यक्ष हन्नू सिंह पट्टा जनपद सदस्य रामकिशोर राजपूत महेश धूमकेती परसराम नागेश रजनी श्रीवास मिथलेश मिश्रा दीपिका भारद्वाज सरपंच मोहगांव शिवकुमारी सरपंच साम्हर कमलेश मरावी अशोक नामदेव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।कार्यक्रम में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया सीईओ जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा सहायक आयुक्त राजेन्द्र कुमार जाटव तथा विद्यालय स्टाफ और अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर और भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके बाद छात्र



छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया और छात्राओं ने सामूहिक लोकनृत्य के माध्यम से अनुच्छेद 21ए और अनुच्छेद 17 पर आधारित प्रस्तुति देकर समानता का संदेश दिया।चमरू सिंह नेताम ने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्षमय रहा और उन्होंने वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कार्य किया। उन्होंने समाज को शिक्षा समानता और न्याय के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।पंकज तेकाम ने सभी से बाबा साहब के विचारों को अपनाकर समरस और सशक्त समाज निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि बाबा साहब महान विद्वान और दूरदर्शी व्यक्तित्व थे जिन्होंने भारतीय संविधान का निर्माण कर देश को मजबूत लोकतांत्रिक आधार दिया। उन्होंने कहा कि उनके कारण ही समाज के वंचित वर्गों को अधिकार और अवसर प्राप्त हुए।ओमकार मरकाम ने कहा कि बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से देश को नई दिशा दी और विश्व स्तर पर पहचान दिलाई। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और शिक्षा अनुशासन तथा परिश्रम को अपनाने की अपील की।कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन शिक्षा संघर्ष और समानता के लिए समर्पित रहा। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा को प्राथमिकता देने और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की बात कही।जिले के सभी विद्यालयों और ग्राम पंचायतों में भी अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को नशामुक्ति की शपथ भी दिलाई गई।कार्यक्रम में शिक्षा विभाग स्वास्थ्य विभाग राजस्व विभाग ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी कर्मचारी सरपंच सचिव और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत ग्राम सभाओं में जागरूकता कार्यक्रम अंबेडकर जयंती पर विशेष आयोजन




डिंडोरी।k

कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन में जिले में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 14 अप्रैल को डॉण भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों में ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया।ग्राम सभाओं में नारी शक्ति वंदन अधिनियम की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को इसके प्रमुख प्रावधानों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के राजनीतिक अधिकार और सशक्तिकरण पर विशेष जोर दिया गया।इस दौरान बताया गया कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत राजनीतिक क्षेत्र में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण का प्रावधान किया गया है जिससे निर्णय प्रक्रिया में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित होगी। इसे महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को प्रधानमंत्री के महिला सशक्तिकरण संबंधी उद्देश्यों की जानकारी भी दी गई और इसे लैंगिक समानता को बढ़ावा देने वाला ऐतिहासिक निर्णय बताया गया।इस अवसर पर बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के विचारों आदर्शों और सामाजिक योगदान पर भी प्रकाश डाला गया। संविधान और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को ग्रामीणों के सामने रखकर उन्हें प्रेरित किया गया।

उल्लेखनीय है कि 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक चल रहे नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं जिनका उद्देश्य आमजन को अधिनियम की जानकारी देना और महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।जिले की ग्राम पंचायतों में आयोजित इन ग्राम सभाओं में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर महिला सशक्तिकरण अभियान को सफल बनाने में योगदान दिया।

## एनसीसी चयन शिविर में 82 में से 12 कैडेट चयनित सात छात्र और पांच छात्राएं शामिल

डिंडोरी।

प्रशिक्षण सत्र 2026 27 के लिए पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय डिंडोरी में एनसीसी कैडेट चयन शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कक्षा नौवीं के कुल 82 विद्यार्थियों ने भाग लिया।चयन प्रक्रिया में ऊंचाई वजन शारीरिक क्षमता चिकित्सा फिटनेस अनुशासन तथा शैक्षणिक और सहशैक्षणिक प्रदर्शन को आधार बनाया गया। चयन के बाद 82 विद्यार्थियों में से 12 कैडेट्स ने सभी मानदंडों को पूरा करते हुए अपना स्थान सुनिश्चित किया। इनमें सात छात्र और पांच छात्राएं शामिल हैं।

शिविर में 4 एमपीसीटीआर बटालियन के सूबेदार रामाश्रय और हवलदार बृजेश कुमार के साथ विद्यालय की एनसीसी अधिकारी एवं चीफ ऑफिसर अनुपमा पी सुंदरम उपस्थित रहीं।चयनित कैडेट्स को




एनसीसी के उद्देश्यों दो वर्षीय पाठ्यक्रम अनिवार्य शिविरों लिखित परीक्षा और नियमित प्रशिक्षण सत्रों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही एनसीसी के लाभ कर्तव्यों और पढ़ाई के साथ संतुलन बनाए रखने के विषय में भी मार्गदर्शन दिया गया।विद्यालय के प्राचार्य डॉ हर्ष प्रताप सिंह ने चयनित कैडेट्स की सराहना करते हुए उन्हें अनुशासन और समर्पण के साथ देश सेवा के लिए प्रेरित किया। चयन प्रक्रिया चीफ ऑफिसर अनुपमा पी सुंदरम के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। उपप्राचार्या श्रीमती अलका विश्वकर्मा ने सभी चयनित कैडेट्स को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अंबेडकर जयंती पर डिंडोरी जिले में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन सैकड़ों लोगों को मिला लाभ



डिंडोरी ।

भारत रत्न संविधान निर्माता डॉण भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के मार्गदर्शन में डॉ भीमराव अंबेडकर सिकल सेल सह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर थीम के तहत विभिन्न विकासखंडों में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।इसी क्रम में मंगलवार को विकासखंड समनापुर के आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मानिकपुर में शिविर आयोजित किया गया। इसमें 192 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में सिकल सेल टीबी एचआईवी सिफलिस और एनसीडी सहित विभिन्न जांचें की गईं और मरीजों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। साथ ही मातृ शिशु किशोर और वृद्धजन स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ भी दिया गया।शिविर के दौरान एक हाई रिस्क गर्भवती महिला में गंभीर एनीमिया पाए जाने पर उसे तत्काल जिला अस्पताल रेफर किया गया और उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज पाण्डेय और जिला समन्वयक ओमप्रकाश उरैती ने शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।वहीं विकासखंड शहपुरा के आयुष्मान आरोग्य मंदिर बिछिया में आयोजित शिविर में 367 मरीजों का उपचार किया गया। यहां एक्स रे सिकल सेल जांच खखार जांच आयुष्मान कार्ड निर्माण और अन्य स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं।जिला नोडल अधिकारी डॉ ममता दीवान और जिला क्षय अधिकारी डॉ मनोज उरैती ने शिविरों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के विभिन्न विकासखंडों में निर्धारित तिथियों पर लगातार शिविर आयोजित किए जा रहे हैं जिससे ग्रामीणों को उनके नजदीक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही हैं।



## लोकल यूथ सर्वेयरों की हुंकार नियुक्ति मानदेय और सुरक्षा को लेकर पीएम के नाम ज्ञापन

शहपुरा।

शहपुरा तहसील अंतर्गत लोकल यूथ सर्वेयरों ने सामूहिक रूप से तहसील कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सर्वेयरों ने एकजुट होकर अपनी विभिन्न मांगों को प्रमुखता से उठाया और शीघ्र कार्रवाई की मांग की।ज्ञापन में बताया गया कि वर्ष 2024 के चुनाव के दौरान लोकल यूथ सर्वेयरों ने पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य किया था। चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाने के बावजूद अब तक उन्हें न तो स्थायी नियुक्ति मिली है और न ही किसी प्रकार का मानदेय दिया गया है। इससे युवाओं में नाराजगी देखी जा रही है।सर्वेयरों ने कहा कि लंबे समय से कार्य करने के बाद भी उन्हें रोजगार की स्थिरता और आर्थिक सुरक्षा नहीं मिल पा रही है। इसके कारण उन्हें आर्थिक और मानसिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने शासन से उनके कार्य और योगदान को ध्यान में रखते हुए जल्द निर्णय लेने की मांग की।सर्वेयरों की प्रमुख मांगों में नियमितीकरण कर मासिक मानदेय देना अस्थायी नियुक्ति को स्थायी करना लोकल यूथ को शासकीय सहयोगी का दर्जा देना चुनाव कार्य में लगे युवाओं को नियुक्ति आदेश जारी करना और आईडी कार्ड सुरक्षा कवच तथा बीमा सुविधा उपलब्ध कराना शामिल है।ज्ञापन सौंपते समय सर्वेयरों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।इस दौरान बड़ी संख्या में लोकल यूथ सर्वेयर उपस्थित रहे जिन्होंने एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

## शहपुरा में आम आदमी पार्टी कार्यालय का उद्घाटन



शहपुरा ।शहपुरा विधानसभा क्षेत्र जिला डिंडोरी में आम आदमी पार्टी के नए कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया गया। इसी अवसर पर संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती भी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई।कार्यक्रम में अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव सोहन नेताम और प्रदेश उपाध्यक्ष झनक लाल की विशेष उपस्थिति रही। इसके साथ ही जिला अध्यक्ष अधिवक्ता निर्मल कुमार साहू सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में सामाजिक न्याय समानता और संविधान की रक्षा के महत्व पर जोर दिया।कार्यक्रम के दौरान संगठन विस्तार को लेकर भी चर्चा हुई। जिला अध्यक्ष निर्मल कुमार साहू ने कहा कि पार्टी को गांव गांव तक मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने सदस्यता अभियान को तेज करने और संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर काम करने की बात कही।इस अवसर पर मुकेश कुमार सोनी को आम आदमी पार्टी शहपुरा नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में उत्साह और जोश का माहौल देखने को मिला।

## मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के महानिदेशक का डिंडोरी प्रवास

डिंडोरी।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के महानिदेशक श्री बकुल उल्लाड का अल्पकालिक प्रवास डिंडोरी जिले में रहा। इस दौरान उन्होंने माँ नर्मदा बालक छात्रावास इमलीकुटी में जिले के सभी विकासखंड समन्वयकों मैटर्स और नवांकुर संस्थाओं की समीक्षा बैठक ली।बैठक की शुरुआत सरस्वती माता की पूजा अर्चना और वंदना के साथ की गई। इसके बाद परिषद द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। इसमें जल गंगा



संवर्धन अभियान नवांकुर संस्थाओं द्वारा स्थापित जल मंदिर प्याऊ और नर्सरी की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।महानिदेशक ने परामर्शदाताओं से मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के संचालन की जानकारी ली और उन्हें आश्वस्त किया कि भविष्य में परिषद की अन्य योजनाओं में भी उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।उन्होंने विकासखंड समन्वयकों मैटर्स और नवांकुर संस्थाओं से योजनाओं में सुधार के लिए सुझाव भी मांगे ताकि आगामी योजनाएं अधिक प्रभावी और सुव्यवस्थित बन सकें। इस दौरान उन्होंने नर्मदा तटीय क्षेत्रों में नर्मदा नवांकुर संस्थाओं के गठन की दिशा में आगे बढ़ने की बात कही।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित सदस्यों ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शपथ ली और जल संरक्षण का संकल्प लिया।इस अवसर पर जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान सहित सभी विकासखंड समन्वयक मैटर्स और नवांकुर संस्थाओं के सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अब फलों की दुकानों पर चोरों का धावा

**तेंदूखेड़ा।** इन दिनों तेंदूखेड़ा क्षेत्र में सिलसिलेवार हो रही चोरी की घटनाओं से लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है वहीं उक्त घटनाएं व्यापारी वर्ग के लिए भी चिंता का विषय बनती चली जा रही है। तेंदूखेड़ा में पिछले मंगलवार को हुई श्री दादा दरबार हनुमान मंदिर में दो चांदी के छत्र और मुकुट चोरी के साथ दिगम्बर जैन मंदिर में ताले टूटने की घटनाओं के अभी तक चोरों का पता ही नहीं चल सका था कि सोमवार की रात्रि में पुराने बस स्टैंड पर स्थित फलों की दुकानों पर चोरों ने धावा बोलकर कुछ फल फूल ले गये हैं वहीं दुकानों में रखे फलों को भी नुकसान पहुंचाया है।एक पखवाड़ा पूर्व ही कुछ और दुकानों पर चोरों ने धावा बोला था तथा नगर के विभिन्न वार्डों में घरों के ताले तोड़ने की घटनाएं घटित हुई थी।कुल मिलाकर चोरों के होंसले बुलंदी पर हैं।जो लगातार इस तरह की घटनाओं को अंजाम देते चले जा रहे हैं। और अभी तक पकड़ में भी ना ना पाना और भी बड़ा सोचनीय विषय बना हुआ है।

**'व्यापारियों से सीसीटीवी कैमरे लगाने बुलाई बैठक'**- चोरी की बढ़ती घटनाओं और सुरक्षा की दृष्टि बाहरी लोगों पर नजर रखने की दिशा में तीसरी आंख सी सी टी वी गुणवत्ता पूर्ण कैमरों को लगाये जाने के लिए अनुविभागीय पुलिस अधिकारी ने थाना परिसर में नगर के सभी व्यापारियों की बैठक बुलाकर अपने अपने प्रतिष्ठानों के सामने हर गली मुहल्लों में भी कैमरें लगाये जाने की अपील की गई है।गौरतलब रहे कि पूर्व में तेंदूखेड़ा में मुख्य मार्गों चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए तो गये थे लेकिन उनकी गुणवत्ता ना होने तथा काफी लंबे समय से बंद पड़े रहने के कारण केवल दिखावा और उद्देश्य की पूर्ति नहीं हो पा रही है।

### शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह



**तेंदूखेड़ा।** वैशाख मास के पावन अवसर पर संपूर्ण क्षेत्र में धार्मिक आयोजन जारी है।इसी श्रंखला के चलते समीपी ग्राम ईश्वरपुर में प्रतिष्ठित बसेडिया परिवार के द्वारा शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्री हित श्रेया किंकरी श्रेया किशोरी के मुखारविंद से संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।23 अप्रेल से 29 अप्रेल तक चलने वाले इस आयोजन में वेदाचार्य पं पुरुषोत्तम राजोरिया के निर्देशन में अनुष्ठानात्मक विविध आयोजन एवं दोपहर 2 बजे से शाम 05 बजे तक संगीतमय कथा होगी।30 अप्रेल को भंडारे के साथ समापन किया जायेगा।

### यात्री बस में महिला ने दिया बच्चे को जन्म'



**तेंदूखेड़ा।** सोमवार की रात्रि में लगभग साढ़े दस बजे डिंडोरी जिले की एक आदिवासी महिला ने यात्री बस में बच्चे को जन्म दिया। बच्चे और महिला दोनों स्वस्थ हैं। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार भोपाल से डिंडोरी जाने वाली यात्री बस से प्रसव पीड़ित महिला रैवती उइके अपने देवर और भावी के साथ डिंडोरी जिला जा रही थी कि अचानक बस में पीड़ा हुई और कुछ ही मिनट में डिलेवरी हो गई।बस चालक ने तेंदूखेड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने जाकर बस खड़ी की और डाक्टर दामोदर को वस्तुस्थिति बताई डाक्टर ने तत्काल स्टाप नर्सो को स्ट्रेचर लेकर महिला और बच्चे को स्वास्थ्य केंद्र में सिप्ट कर आवश्यक चिकित्सा उपलब्ध कराते हुए दोनों को भर्ती किया।

### सेन महाराज की शोभायात्रा निकाली

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस सेन समाज तेंदूखेड़ा ने सेन जंयती के अवसर पर अपने आराध्य सेन महाराज की शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से निकालकर पूजन अर्चन किया। प्रसाद वितरण किया इस मौके पर बड़ी संख्या में सेन समाज के लोग उपस्थित थे।

### 'संविधान के शिल्पकार अंबेडकर जी की जयंती मनाई'

**तेंदूखेड़ा।** भारत रत्न बाबा साहब डॉण भीमराव अंबेडकर जी की जयंती पर नगर में विविध आयोजन हुये।जयंती पर्व की पूर्व संध्या पर अंबेडकर पार्क में स्वच्छता अभियान चलाकर कर साफ सफाई की गई। सांयकाल बेला में उपस्थित जनसमूह द्वारा अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष दीपोत्सव किया गया। तथा जयंती पर्व पर प्रतिमा पर पुष्पांजलि समर्पित कर नुक्कड़ सभा का आयोजन हुआ।

## डॉ. अम्बेडकर का जीवन है प्रेरणा-दायक: मंत्री श्री पटेल

# युवाओं को दिया संदेश- शिक्षा ही सबसे बड़ा अस्त्र











**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गत दिवस प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर नमन करते हुए देश हित में उनके महत्वपूर्ण योगदान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के बारे में जरूर पढ़ें और उनके द्वारा देशहित में किए गए योगदान को समझें। डॉ. अम्बेडकर ने कहा था कि शिक्षा का अस्त्र जिसके पास है, तो उसे कोई पीछे नहीं हटा सकता और वह अन्याय भी नहीं होने देगा। डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने उच्च शिक्षा प्राप्त की और देश के संविधान के निर्माता बनें। डॉ. अम्बेडकर का जीवन विपरीत परिस्थिति में रास्ता निकालकर आगे बढ़ने का उदाहरण है, जो आज सभी के लिए महत्वपूर्ण प्रेरणादायक है। उन्होंने बताया कि उनके संघर्ष में उनकी पत्नि का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मंत्री श्री पटेल ने डॉ. अम्बेडकर की जन्म स्थली से लेकर मृत्यु तक के प्रमुख स्थानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि डॉ. अम्बेडकर की जन्म स्थली महू में उनकी स्मृति में भव्य स्मारक बनाया गया है। डॉ. अम्बेडकर ने जहां शिक्षा प्राप्त की है, उसका नाम शिक्षा तीर्थ रखा गया है।

### प्रदर्शनी का किया अवलोकन

मंत्री श्री पटेल मंगलवार 14 अप्रैल को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर में आयोजित जिला स्तरीय डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती समारोह कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री पटेल के आगमन पर उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। उन्होंने डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए और राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया। मंत्री श्री पटेल व अन्य अतिथियों ने डॉ. अम्बेडकर जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। मंत्री श्री पटेल ने डॉ. अम्बेडकर के जीवन से जुड़े प्रमुख स्थलों को पंचतीर्थ नाम से संबोधित किया। उन्होंने बताया कि संविधान में केन्द्र व राज्य की संरचना की गई है और उनके अधिकारों का वर्णन किया गया है। जिससे केन्द्र व राज्य में समन्वय बना रहे। उन्होंने सामाजिक उत्तरदायित्व, पिछड़ापन, शिक्षा, आर्थिक स्थिति के बारे में भी उनके द्वारा किए गए योगदान के बारे में बताया।

### गरीबी प्रतिभा को निखारने से नहीं रोक सकती

मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर ने प्रारंभिक शिक्षा भारत में पूर्ण करने के बाद लंदन में जाकर डिग्रियां हासिल की। उन्होंने डॉ. अम्बेडकर की जन्म स्थली, शिक्षा केन्द्र, बौद्ध दीक्षा व उनकी मृत्यु स्थलों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. अम्बेडकर के समक्ष सामाजिक उत्तरदायित्वों के साथ-साथ जब आरक्षण का सवाल आया तब उन्होंने जिन बारिकी से बात की है, वह देखने की जरूरत है। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि संविधान को पढ़ोगे, तो आपको ऐसा लगेगा कि आप वर्तमान में जी रहे हैं। देश को चलाने का एक ही मार्ग है और वो है देश का संविधान। उन्होंने कहा कि हमें डॉ. भीमराव अम्बेडकर के विचारों को अपनाना चाहिए कि गरीबी प्रतिभा को निखारने से नहीं रोक सकती, इसका उदाहरण डॉ. अम्बेडकर का सम्पूर्ण जीवन है। कार्यक्रम को तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह व रामसनेही पाठक ने भी संबोधित किया।

### डॉ. अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 135 वीं जयंती के अवसर पर बेलहाई इतवारा बाजार स्थित अम्बेडकर पार्क में पहुंचकर डॉ. अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति नीलेश काकोड़यि, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनीता राजेन्द्र ठाकुर, रामसनेही पाठक, कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक व विद्यार्थी मौजूद थे।



# जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

खनिज विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया, वन मंडलाधिकारी, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी एवं क्षेत्रीय अधिकारी मप्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड जबलपुर की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में वन, राजस्व एवं पुलिस विभाग के द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण पर की गई संयुक्त कार्यवाही की समीक्षा की गई। नर्मदा नदी क्षेत्र में रेत का अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए लगातार संयुक्त दल द्वारा की गई कार्यवाही के संबंध में अवगत कराया गया। नर्मदा नदी व अन्य नदियों में रेत के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए वन, राजस्व एवं खनिज व पुलिस विभाग के द्वारा लगातार कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

# सेन जी महाराज की जयंती कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री श्री पटेल





**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

मंगलवार को सेन समाज द्वारा स्थानीय सदर मढिया स्थित तुलसी मानस भवन मे सेन समाज के आराध्य संत शिरोमणि भगवान सेन जी महाराज की 726 वीं जयंती मनाई गई। प्रातः सर्व प्रथम रामधुन मंडल मे प्रसादी वितरण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दोपहर को हवन - पूजन व चालीसा पाठ तथा महाआरती कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान समाज के प्रतिभावान लोगों व मातृशक्ति, वरिष्ठ नागरिक, अतिथियों एवं प्रतिभागियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का समापन भंडारा प्रसादी वितरण के साथ किया गया। सांध्यकालीन विविध मंडलों मे प्रसादी वितरण की गई। प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल सेन समाज की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह में मौजूद सेन समाज के नागरिकों को शुभकामनाएं दी। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि संत शिरोमणि श्री सेन जी महाराज के आदर्शों को अपनाएं। शिक्षा ग्रहण कर आदर्श समाज का निर्माण करें। इस अवसर पर रामसनेही पाठक और सेन समाज के पदाधिकारी व नागरिकगण मौजूद थे। उक्त मौके स्वाजातीय बंधुओं द्वारा अपने - अपने प्रतिष्ठानों को बंद रखा गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रदीप सेन, साहब लाल सेन, मुन्ना लाल सेन, मदन ऊमरे, मोनू सेन, प्रवेश सेन, आशीष सेन, अनूप सेन, रामचरण सेन, विजय सराठे, सतीश श्रीवास, ब्रजेश सेन, इमरात लाल, हेमंत सेन, हेमराज सेन, राजा सेन, लक्ष्मन सेन सहित सभी स्वाजातीय बंधु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन व आभार आयुष सराठे द्वारा किया गया।



# मंत्री श्री पटेल ने किया धमनी नदी के उद्गम स्थल का भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने जिले के भिंडबार ग्राम स्थित धमनी नदी के उद्गम स्थल का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक महत्व से परिपूर्ण इस स्थल का अवलोकन करते हुए इसे क्षेत्र की अमूल्य धरोहर बताया। मंत्री श्री पटेल ने बताया कि उनकी उद्गम मानस यात्रा के अंतर्गत यह 111वां पड़ाव है। इस यात्रा का उद्देश्य प्रदेश की नदियों के उद्गम स्थलों का संरक्षण, उनके प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और पर्यावरण संतुलन के प्रति समाज को प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि भिंडबार ग्राम से निकलने वाली धमनी नदी न केवल प्राचीन जल स्रोत है, बल्कि यह क्षेत्र की सांस्कृतिक आस्था और प्राकृतिक समृद्धि का भी प्रतीक है। भ्रमण के दौरान उन्होंने स्थानीय ग्रामीणों से संवाद करते हुए नदी के संरक्षण और स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। उक्त जानकारी देते हुए विधायक मीडिया प्रभारी वैभव नेमा द्वारा दी गई।

# राष्ट्रीय महिला जागृति मंच की मासिक बैठक सपन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

गत दिवस महिला जागृति मंडल की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्रीमती विवेक पांडे, प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती अरुणा दुबे एवं प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सुनंदा भट्ट की उपस्थिति में राष्ट्रीय महिला जागृति मंच की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक हर राज्य एक पहचान थीम पर की गई जिसमें उपस्थित बहने अपने पसंदीदा राज्य की पारंपरिक साड़ी और ज्वैलरी में तैयार हो कर आईं। बैठक में पक्षियों के लिए दाना पानी के लिए सकोरे लगाने एवं मंदिरों मे भक्तों एवं राहगीरों के लिए पीने हेतु ठंडे पानी की व्यवस्था पर विचार साथ ही 22 मई को स्थापना दिवस जोर शोर से मनाने पर सभी ने अपने अपने मत रखे।



# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।**

सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में नरसिंहपुर शहर के विभिन्न स्थानों पर ब्रेकर, रिफ्लेक्टर, साइन बोर्ड लगाने व शहर के विभिन्न क्षेत्रों से अतिक्रमण हटाने और शहर में पार्किंग व्यवस्था को दुरूस्त करने के निर्देश दिए गए। सड़कों में साईड सोल्डर, स्पीड ब्रेकर और ब्लैक स्पॉट स्थानों को चिन्हित कर आवश्यक व्यवस्थाएं करने को कहा गया।

# बाबा साहेब के अनुयायियों ने बड़ी संख्या में किया रक्तदान

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। ‹**



गत दिवस डॉ. भीमराव अंबेडकर जी 135 वीं जयंती के उपलक्ष में रंजीत कुमार चैधरी संभागीय उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश अजाक्स संघ, जिला प्रभारी अहिरवार समाज महापरिषद जिला नरसिंहपुर, कार्यवाहक जिला अध्यक्ष अहिरवार समाज संघ भारत जिला नरसिंहपुर ने बताया कि दिनांक 14 अप्रैल 2026 को डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी की 135 वीं जयंती के उपलक्ष में अंबेडकर पार्क इतवारा बाजार कंदेली नरसिंहपुर में सुबह 10 बजे से भीम अनुयायियों के द्वारा बड़ी संख्या में स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। वही दोपहर में न्यू बस स्टैंड स्टेशन में भी स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं शपथकर्ता कृष्ण कुमार रजक आयु लगभग 47 वर्ष पिता स्व. शंकर लाल रजक निवासी ग्राम- नियर SBS पब्लिक स्कूल, बगासपुर रोड, गोटेगांवखेड़ा, तहसील - गोटेगांव, जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.) का निवासी हूँ। यह कि मेरे पुत्र संकल्प रजक का आधार कार्ड नंबर-39144679 8887 है जिसमें मेरे पुत्र का नाम "संकल्प रजक" दर्ज है। जिसको मैं वर्तमान में "रिदित रजक" कराना चाहता हूँ। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में नाम "संकल्प रजक " है जो कि त्रुटिवश अंकित हो गया है, जबकि मेरे पुत्र का वास्तविक नाम "रिदित रजक" है जो कि उसकी अंकसूची एवं अन्य दस्तावेजों में भी अंकित है, जिस हेतु आज से मेरे पुत्र को 'रिदित रजक" के नाम से ही जाना पहचाना, पढ़ा, लिखा जावेगा ।

**सही नाम - रिदित रजक**
**गलत नाम- संकल्प रजक**